>

Title: Need to set up a super speciality hospital in Tripura.

सुश्री प्रतिमा भौमिक (त्रिपुरा पश्चिम) : महोदय, धन्यवाद । मेरे स्टेट का एक विषय है, जिसके बारे में आप सब लोग जानते हैं । वहां सीपीएम का राज था, कोई डेवलपमेंट वर्क नहीं हुआ । हमारी सरकार आए 15 महीने हो गए हैं, हमारे सीएम अच्छा काम कर रहे हैं, लेकिन मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार की दृष्टि इस विषय की ओर आकर्षित करना चाहती हूं ।

हमारे स्टेट में हैल्थ, एजुकेशन सब जगहों पर, हर सिस्टम में गड़बड़ी है । मोदी जी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार, हमारे सीएम उसको पटरी पर लाने की कोशिश कर रहे हैं । हमारे यहां जो भी पेशेंट्स हैं, उन्हें दिल्ली आना पड़ता है, वैस्ट बंगाल जाना पड़ता है, या फिर सीएमसी, वैल्लोर जाना पड़ता है । लोगों को इलाज के लिए सब कुछ बेचना पड़ता है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार को अवगत कराना चाहती हूं कि मेरे स्टेट त्रिपुरा में एक सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल बनाया जाए । इस हॉस्पिटल के बनने से त्रिपुरा के लोगों को फायदा होगा, इससे हम अपने राज्य में बेरोज़गारी पर भी रोक लगा सकते हैं, बेरोज़गारों को रोज़गार मिल सकता है । बांग्लादेश हमारे बहुत नज़दीक है, बांग्लादेश के पेशेंट्स भी वाया त्रिपुरा बाहर जाते हैं । धन्यवाद।